बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
(सामान्य प्रशासन विभाग)
आदेश

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के विज्ञापन संख्या–PR.No.-4946(Ni.Ni.) 2017-18, दिनांक–29.07.2017 द्वारा आई.टी. प्रबंधकों के संविदात्मक पद पर नियोजन हेतु प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में नेशनल इन्फॉरमेटिक्स सेंटर, बिहार, पटना के माध्यम से प्राप्त सभी 440 ऑनलाईन आवेदकों के दस्तावेजो के सत्यापन तथा संविक्षा के पश्चात दिनांक–08.11.2017 को पैनल निर्माण एवं चयन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में कुल 150 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से पैनल तैयार किया गया।

2. सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या–2622, दिनांक–26.02.2019 द्वारा बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों तथा शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में (आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए) आरक्षण अधिनियम, 2019 द्वारा राज्य सरकार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान लागू किया गया है।

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के विज्ञापन संख्या–PR.No.-4946(Ni.Ni.) 2017-18, दिनांक–29.07.2017 द्वारा आई.टी. प्रबंधकों के संविदात्मक पद पर नियोजन हेतु कुल 150 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से निर्मित पैनल के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त परामर्श/मार्गदर्शन ***"बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी द्वारा निर्मित पैनल पूर्व के गठित रोस्टर के अनुरूप है। वर्त्तमान में राज्याधीन सेवाओं एवं पदों की रिक्तियों पर विभागीय अधिसूचना संख्या–2622, दिनांक–26.02.2019 द्वारा अधिसूचित रोस्टर प्रभावी है। पूर्व के पैनल को रद्द करते हुए नये नियमों के अनुरूप रोस्टर क्लीयरेंस करते हुए पैनल निर्माण की कार्रवाई की जाए।"***

3. सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त उपर्युक्त परामर्श के आलोक में बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के विज्ञापन संख्या–PR.No.-4946(Ni.Ni.) 2017-18, दिनांक–29.07.2017 द्वारा आई.टी. प्रबंधकों के संविदात्मक पद पर नियोजन हेतु निर्मित पैनल को आदेश निर्गत की तिथि से रद्द किया जाता है।

इस आदेश निर्गत होने के पूर्व में पैनल से की गयी नियोजन इस आदेश से प्रभावित नहीं होगी।

11.6.19

(सतीश रंजन सिन्हा)
विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांक– बि०प्र०सु०मि०सो०/स्था०–39/2016.....1032..... दिनांक–.....11/6/2019.....
प्रतिलिपिः– सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

11.6.19

विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांक– बि०प्र०सु०मि०सो०/स्था०–39/2016.....1032..... दिनांक–.....11/6/2019.....
प्रतिलिपिः– वित्त एवं लेखा पदाधिकारी, बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

11.6.19

विशेष कार्य पदाधिकारी

187D:\PREM\Order.docx